# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 10.09.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को किया गया जागरूक...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में *महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा* सम्मान हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आज दिनांक- 09.09.2025 को विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसी क्रम में जनपद के अन्य थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं महिला सुरक्षा से जुड़ी सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पम्पलेट वितरित कर हेल्पलाइन नम्बरों का प्रचार-प्रसार किया गया। जिसमें क्रमशः

**थाना कोतवाली नगर महोबा** – विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड भाड वाले स्थानों में
**थाना कबरई –** कस्बा कबरई में भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में एवं सार्वजनिक स्थानों में
**थाना खन्ना-** श्री ब्रह्मचारी इंटर कॉलेज थाना खन्ना में
**थाना चरखारी –** कस्बा चरखारी में भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में एवं सार्वजनिक स्थानों में
**थाना खरेला** – कस्बा खरेला के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में
**थाना श्रीनगर** – ग्राम ननौरा स्थित पटेल शिक्षण संस्थान श्रीनगर
**थाना पनवाड़ी –** थाना पनवाड़ी के कस्बा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में
**थाना महोबकंठ –** कस्बा महोबकंठ के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में

इस दौरान महिलाओं बालिकाओं से वार्ता कर परस्पर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें उनके अधिकारों से संबंधित प्रमुख कानूनी प्रावधानों, *गुड टच-बैड टच*, *साइबर अपराध* से बचाव एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:-

**112 –** पुलिस आपातकालीन सेवा, **1076 –** मा० मुख्यमंत्री हेल्प लाइन
**1090** – विमेन पावर हेल्पलाइन, **1930 –** साइबर अपराध हेल्पलाइन **102 –** स्वास्थ्य सेवा,
**108 –** एम्बुलेंस सेवा **1098 –** चाइल्ड हेल्पलाइन, **181 –** महिला हेल्पलाइन

इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं एवं विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और हर परिस्थिति में उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है।






## साइबर हेल्प डेस्क थाना चरखारी की पुलिस टीम द्वारा गुम हुआ मोबाइल खोजकर पीड़ित को किया गया सुपुर्द।
## “महोबा पुलिस की साइबर हेल्प डेस्क निरंतर सक्रिय”

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में जनपद स्तर पर गठित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में आज दिनांक 10.09.2025 को साइबर हेल्प डेस्क थाना चरखारी की टीम द्वारा शिकायतकर्ता पीर खान पुत्र लल्लू खान निवासी ग्राम अकटौआ जिला हमीरपुर का मोबाइल फोन Redmi note 14 pro जो पूर्व में चरखारी में खो गया था को रिकवर कर शिकायतकर्ता को सुपुर्द किया गया। मोबाइल फोन, जो कही गुम हो गया था, तकनीकी प्रयासों से बरामद कर आज सकुशल उनके सुपुर्द किया गया, इस अवसर पर पीड़ित द्वारा महोबा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

**साइबर हेल्पडेस्क टीम-**

1. उ0नि0 विशाल वाजपेयी थाना चरखारी जनपद महोबा
2. कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए विकास सिंह वर्मा थाना चरखारी जनपद महोबा
3. का0 महादेव थाना चरखारी जनपद महोबा

**साइबर हेल्प डेस्क से संबंधित जनहित अपील-**

यदि किसी नागरिक का मोबाइल गुम/चोरी हो जाता है या साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है तो वह तत्काल नजदीकी थाना, साइबर हेल्प डेस्क अथवा टोल-फ्री नंबर 1930 पर संपर्क करें। समय पर सूचना देने से पुलिस को त्वरित कार्रवाई में सहयोग मिलता है और बरामदगी/निवारण की संभावना बढ़ जाती है। किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें एवं व्यक्तिगत अथवा बैंक संबंधी जानकारी अजनबियों से साझा न करें।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 10.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

साइबर अपराध को इंटरनेट और कंप्यूटर के अवैध उपयोग के रूप में उल्लेखित किया जा सकता है। तकनीकी के विकास के चलते अपराधी भी अपराध करने के नये-नये तरीके इजाद कर रहे है। आजकल प्रत्येक व्यक्ति मोबाइल व इण्टरनेट बैकिंग का प्रयोग कर रहा है। इंटरनेट के प्रयोग किये जाने से जानकारी के अभाव में कई लोग साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं। इसको दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद महोबा में आमजन को साइबर अपराध से बचाव एवं इससे निपटने के लिये बरती जाने वाली सावधानियों के प्रचार प्रसार हेतु आज दिनांक 10.09.25 को साइट्रेन प्रशिक्षण जनपद मुख्यालय के पुलिस लाइन सभागार में कराया गया। इस प्रशिक्षण में जनपद नोडल अपर पुलिस अधीक्षक,क्षेत्राधिकारी,सभी थाना प्रभारी व साइबर सेल के अधिकारी/कर्म.गण मौजूद रहे। जनपदीय साइबर टीम द्वारा विद्यालयों, प्रतिष्ठित संस्थाओं एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर वर्कशॉप एवं गोष्ठियां कर इंटरनेट के माध्यम से हो रहे इन अपराधों के बारे में जानकारी दी जा रही है और इंटरनेट के प्रयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त विद्यालयों में पम्पलेट वितरित कर महत्वपूर्ण स्थानों पर पम्पलेट / पोस्टर चस्पा किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

जनपदीय साइबर नोडल वन्दना सिंह द्वारा द्वारा बताया गया कि इंटरनेट के उपयोग की सही जानकारी होने पर साइबर अपराध से बचा जा सकता है। ऑनलाइन खातों के लिए मजबूत पासवर्ड बनाए, इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे व्हाट्सअप, ट्विटर (एक्स), फेसबुक व इंस्टाग्राम पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक न करें क्योंकि कोई भी व्यक्ति आसानी से आपकी जानकारी का इस्तेमाल कर दुरूपयोग कर सकता है। किसी भी प्रकार के एप्स डाउनलोड किये जाते समय प्राईवेसी सम्बन्धी आप्शन का भली-भांति अवलोकन करने के बाद ही सहमती / असहमती देते हुए प्रक्रिया पूर्ण करें। फर्जी लॉटरी लगने का कॉल करने वालों को कभी अपनी बैंक की डिटेल शेयर न करें। डिजिटल अरेस्ट से बचाव हेतु बताया गया कि किसी भी अनजान कॉल/मैसेज पर प्रतिक्रिया न दें, बीमा कम्पनी, नौकरी के नाम से कॉल किये जाने पर बिना सत्यापन किये कोई जानकारी न। फर्जी लॉटरी लगने का कॉल करने वालों को कभी अपनी बैंक की डिटेल शेयर न करें व अनजान कॉल / मैसेज पर प्रतिक्रिया न दे। टावर लगाने के नाम पर भी लोगों से ठगी की जाती है. इससे बचने हेतु किसी अज्ञात बैंक खाता में पैसा जमा न करें। किसी भी तरह का फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन न० 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in पर तुरंत शिकायत दर्ज करे

**साइबर सुरक्षा टिप्स-**

01. ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतें।
02.किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमैट्रिक, कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें।
03. सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।
04. अनजान लिंक्स पर क्लिक न करें।
05. अपने डिवाइस को सुरक्षित रखें।
06. ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित वेबसाइट्स का उपयोग करें।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 10.09.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने 04 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह थाना पनवाड़ी द्वारा गठित की गयी टीम के उ0नि0 रामकिशन यादव,उ0नि0 राजेन्द्र यादव, उ0नि0 पवन गोंड,का0 रामकुमार तिवारी व म0का0 आरती थाना पनवाडी जनपद महोबा के द्वारा 04 नफर अभियुक्तगण 1. धनीराम पुत्र घासीराम निवासी तिवारीपुरा कस्वा व थाना पनवाडी जनपद महोबा सम्बन्धित परिवाद सं0 280/2017 धारा 452/323/427 भादवि 2. रामप्रसाद पुत्र घासीराम  परिवाद सं0 280/2017 धारा 452/323/427 भादवि 3. कालू पुत्र घासीराम सम्बन्धित परिवाद सं0 280/2017 धारा 452/323/427 भादवि  4. मइयादीन पुत्र नारायण दास निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाडी जनपद महोबा मु0न0 3105/2022 धारा 323/504/506 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1- उ0नि0 रामकिशन यादव थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।
2- उ0नि0 राजेन्द्र यादव थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।
3- उ0नि0 पवन गोंड थाना पनवाडी जनपद महोबा।
4- का0 रामकुमार तिवारी थाना पनवाडी जनपद महोबा।
5- म0का0 आरती थाना पनवाडी जनपद महोबा।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1. धनीराम पुत्र घासीराम निवासी तिवारीपुरा कस्बा व थाना पनवाडी जनपद महोबा
2. रामप्रसाद पुत्र घासीराम  निवासी तिवारीपुरा कस्बा व थाना पनवाडी जनपद महोबा
3. कालू पुत्र घासीराम निवासी तिवारीपुरा कस्बा व थाना पनवाडी जनपद महोबा
4- मइयादीन पुत्र नारायण दास निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाडी जनपद महोबा

